# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

# सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 24.08.2025

**1. थाना सेक्टर-63 पुलिस द्वारा कृत्रिम पनीर को सस्ते दामों में खरीदकर मँहगें दामों में बिक्री करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **24.08.2025** को **थाना सेक्टर-63 पुलिस** द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से वांछित अभियुक्त सगीर अहमद पुत्र साहिद खान को चोटपुर कॉलोनी में स्थित स्टेन्डर्ड डेरी नामक दुकान से **गिरफ्तार** किया गया है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** अभियुक्त द्वारा तैयार किए गए कृत्रिम पनीर को सस्ते दामों में खरीदकर मँहगे दामों में विक्रय किया जाता था। दिनांक 28.06.2025 को थाना सेक्टर-63 पुलिस द्वारा 04 अभियुक्तों को कृत्रिम पनीर व उसके बनाने में प्रयुक्त सामग्री सहित गिरफ्तार किया गया था। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना सेक्टर-63 पर मु0अ0सं0 283/2025 धारा 274/275/318(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान अभियुक्त सगीर अहमद उपरोक्त का नाम प्रकाश में आया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--**

सगीर अहमद पुत्र साहिद खान निवासी ग्राम अगौता अमीरपुर, थाना खुर्जा देहात, बुलंदशहर वर्तमान पता चोटपुर कॉलोनी, थाना सेक्टर-63, गौतमबुद्धनगर, उम्र 33 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0- 283/2025 धारा 274/275/318(4) बीएनएस, थाना सेक्टर-63, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0- 473/2024 धारा 274/275 बीएनएस व 26(2)(i)/26(2)(4)/59 खाद सुरक्षा अधिनियम, थाना खुर्जा देहात, जनपद बुलंदशहर।